# कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
# ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बाढ़

पत्रांक ......609........ / बाढ़ / दिनांक ......2/06/21......

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल बाढ़।

सेवा में,

Epitome Const Pvt. Ltd
305, Arnay Vihar, Near Jamuna Apartment
Boring Road Patna 800001

विषय :– पी0एम0जी0एस0वाई0 योजनान्तर्गत टी02 से मोवारकपुर वी0आर0–26आर–401 एवं टी02 से पोखरपर वी0आर0–26आर–402 तक पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य नहीं करने के संबंध में।

प्रसंग :– इस कार्यालय का पत्रांक 585 दिनांक 30.05.2021

महाशय,

उपरोक्त विषय एवं प्रसंग के आलोक में कहना है कि विषयांकित पथ का निर्माण कार्य आपके द्वारा एकरारनामा संख्या 04/एस0बी0डी0/2014–15 के अधीन पूर्ण किया गया है। एकरारनामा के अनुसार पूर्णता की तिथि से पॉच वर्षों तक अनुरक्षण कार्य आपको करना है तथा पथ को Defect Free हालत में रखना है। परन्तु आपके द्वारा पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य नही कराया जा रहा है, जो काफी खेदजनक है। अनुरक्षण के अभाव में सरकारी सम्पति का ह्रास हो रहा है जिसके लिए पूर्णतः आप जिम्मेवार है।

आपको निदेशित किया जाता है कि पत्र निर्गत की तिथि से तीन दिनों के अन्दर अनुरक्षण कार्य प्रारम्भ करना सुनिश्चित किया जाय अन्यथा चौथे दिन दिनांक 05.06.2021 को पथ का अंतिम मापी कर लिया जायेगा, जिसमें कि आपकी उपस्थिति अनिवार्य होगी। उपस्थित नहीं रहने पर भी आपका कोई दावा मान्य नहीं होगा। तदोपरांत एकरारनाम के सुसंगत कंडिका के तहत एकरारनमा को विखंडित करते हुए अग्रधन एवं जमानत की राशि जप्त कर लिया जायेगा। साथ ही निबंधन को काली सूची में डालने हेतु विभाग को अनुशंसा कर दिया जायेगा। साथ ही अनुरक्षण कार्य विभाग द्वारा अन्य माध्यम से करा लिया जायेगा तथा राशि की वसूली आपके जमानत एंव अन्य जप्त राशियों से किया जायेगा।

विश्वास भाजन

02/06/21

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, बाढ़

2.6.21

Scanned with CamScanner